अपीलीय अधिकारी/सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय देहरादून।

संख्या–1098/XXV– 53(P–14) /2021 देहरादून दिनांक 18 जुलाई, 2023

अपील संख्या– 23

अपीलकर्ता– श्री वैभव अग्रवाल, पुत्र श्री सुशील कुमार अग्रवाल, नम्बरदार धर्मकांटा, चुडियाला रोड़ भगवानपुर, जिला– हरिद्वार उत्तराखण्ड।

उत्तरादाता–लोक सूचना अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, सचिवालय परिसर, देहरादून।

आदेश

अपीलकर्ता श्री वैभव अग्रवाल, पुत्र श्री सुशील कुमार अग्रवाल, नम्बरदार धर्मकांटा, चुडियाला रोड़ भगवानपुर, जिला– हरिद्वार उत्तराखण्ड का अपीलीय पत्र दिनांक 12 मई, 2023 के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र संख्या– 848 दिनांक 08 जून, 2023 द्वारा दिनांक 21 जून, 2023 के समय 02:30 बजे अपरान्ह सुनवाई की तिथि व समय निर्धारित की गयी थी, अपीलार्थी द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। पुनः इस कार्यालय द्वारा पत्र संख्या–961 दिनांक 27 जून, 2023 के द्वारा दिनांक 11 जुलाई, 2023 समय–02:30 बजे अपरान्ह अपील की सुनवाई हेतु द्वितीय तिथि नियत की गयी थी जिसमें भी अपीलार्थी द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया।

2– लोक सूचना अधिकारी के पत्र संख्या–612 दिनांक 24 अप्रैल, 2023 द्वारा अपीलार्थी के अनुरोध पत्र दिनांक 12 मई, 2023 में अंकित बिन्दुओं से सम्बन्धित सूचना राज्य निर्वाचन आयोग से सम्बन्धित होने के कारण लोक सूचना अधिकारी/सहायक आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग को हस्तान्तरित किया गया है। द्वितीय अनुरोध पत्र दिनांक 12 मई, 2023 जिसमें 02 बिन्दुओं पर सूचना मांगी गयी है, के सम्बन्ध में लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपने पत्र संख्या–615 दिनांक 24.04.2023 द्वारा सूचना कार्यालय में धारित न होने के सम्बन्ध में अनुरोधकर्ता को अवगत कराया गया हैं।

उक्तानुसार लोक सूचना अधिकारी कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुरोधकर्ता को उपलब्ध करायी गयी सूचना सुसंगत है।

अतः तदनुसार अपील का निस्तारण किया जाता है।

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एंव
विभागीय अपीलीय अधिकारी।

पृ0संख्या– 1098/XXV– 12(P-14) /2021 , तददिनांक।

प्रतिलिपि :– 1–लोक सूचना अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, सचिवालय परिसर, देहरादून।

2–श्री वैभव अग्रवाल, पुत्र श्री सुशील कुमार अग्रवाल, नम्बरदार धर्मकांटा, चुडियाला रोड़ भगवानपुर, जिला– हरिद्वार उत्तराखण्ड।

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एंव
विभागीय अपीलीय अधिकारी।
मो0न0–9897995591